ईरान के यूरेनियम भंडार पर अमेरिकी कब्जे की योजना सबसे जटिल अभियान

विशेषज्ञ बोले-केवल हवाई हमलों से संभव नहीं है मिशन...इसके लिए जमीनी बलों की करनी होगी तैनाती

अमर उजाला नेटवर्क

वाशिंगटन/तेहरान। ईरान के गहराई में छिपे संवर्धित यूरेनियम भंडार को जब्त करने के संभावित अमेरिकी सैन्य विकल्प पर चर्चा तेज हो गई है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस विकल्प पर विचार कर रहे हैं, जिसका घोषित उद्देश्य ईरान को परमाणु हथियार विकसित करने से रोकना है। हालांकि सैन्य विशेषज्ञों और पूर्व अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह अभियान बेहद जटिल, लंबा और उच्च जोखिम वाला होगा।

इसमें जमीनी सैनिकों की तैनाती से लेकर बहु-चरणीय सैन्य कार्रवाई तक शामिल हो सकती है। बीबीसी की एक रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। विशेषज्ञों के अनुसार इस मिशन को केवल हवाई हमलों के जरिये अंजाम देना संभव नहीं है। इसके लिए अमेरिकी जमीनी बलों की तैनाती जरूरी होगी। पूर्व उप सहायक रक्षा मंत्री मिक मुलरॉय ने इसे इतिहास के सबसे जटिल विशेष अभियानों में से एक बताया है। संभावित योजना को लेकर काफी विचार चल रहा है।



■ यूरेनियम को हटाना या मौके पर निष्क्रिय करना दोनों विकल्प जटिल

अभियान के बाद अमेरिका को उस कगार होगा कि यूरेनियम को देश से बाहर ले जाया जाए या मौके पर ही उसे निष्क्रिय किया जाए। विशेषज्ञ जोखिम बढ़ने के अनुसार मौके पर निष्क्रिय करना अधिक समय लेने वाला व जटिल होगा, जबकि उसे अमेरिका ले जाकर निष्क्रिय करना अपेक्षाकृत तेज विकल्प हो सकता है। दोनों ही विकल्प जोखिम भरे हैं।

लोकेशन की अनिश्चितता मिशन की सबसे बड़ी चुनौती

पूर्व अमेरिकी रक्षा अधिकारी जेसन कैचमैन के अनुसार मिशन की सफलता इस पर निर्भर करेगी कि यूरेनियम की सटीक लोकेशन कितनी स्पष्ट है। यदि यह कई स्थानों पर फैला हुआ है, तो सफलता कई गुना बढ़ जाएगी। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के महानिदेशक राफेल ग्रोसी के मुताबिक अधिकांश उच्च संवर्धित यूरेनियम इस्फहान में है, जबकि कुछ नतांज में भी मौजूद है। हालांकि 2025 के अमेरिकी-इजराइली एयर अभियान के बाद निरीक्षकों को हटा लिया गया था, जिससे सटीक जानकारी उपलब्ध नहीं है।

उपग्रह चित्रों से संकेत मिलता है कि इस्फहान जैसे स्थलों पर सुरंगों के प्रवेश द्वारों को मिट्टी से बंद कर दिया गया है, जिससे अंदर पहुंचना बेहद कठिन है। अमेरिकी हमलों में यहां क्षति पहुंची है, जिससे उलटे सैनिकों को भारी मशीनरी से सुरंगें खोलनी पड़ सकती हैं।

लॉजिस्टिक और युद्धक्षेत्र के जोखिम

इस्फहान ईरान में 300 मील अंदर स्थित है, जिससे अमेरिकी सैनिकों को मेडिकल इवैकुएशन व सप्लाई मुश्किल होगी। यहां लॉजिस्टिक्स और युद्धक्षेत्र के कई तरह के जोखिम भी उठाने पड़ सकते हैं।

पेट्रोल पर 24 व डीजल पर 104 रुपये घाटा सह रहीं तेल कंपनियां

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण विश्व स्तर पर कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। इसका सीधा असर भारतीय तेल विपणन कंपनियों (ओएमसी) पर पड़ रहा है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा, अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के बावजूद घरेलू बाजार में दाम स्थिर रखने के चलते कंपनियों को पेट्रोल पर 24 व डीजल पर 104 रुपये प्रति लीटर का घाटा हो रहा है।

अंतरराष्ट्रीय कीमतों में उछाल के बावजूद घरेलू बाजार स्थिर

सरकार ने कहा, आम जनता को राहत देने के लिए एक्साइज ड्यूटी कम की गई है और घाटे का हिस्सा कंपनियां वहन कर रही हैं। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद देश में ईंधन की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। मंत्रालय के अनुसार, अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार सुरक्षित है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। एजेंसी

युद्ध के उद्देश्य लगभग पूरे, ईरान को एटमी ताकत नहीं बनने देंगे : ट्रंप

राष्ट्र के नाम संबोधन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा- समझौता नहीं किया तो पाषाण युग में पहुंचा देंगे

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ युद्ध में अपने रणनीतिक उद्देश्यों को लगभग पूरा कर लिया है। तेहरान की नौसेना व ड्रोन ताकत खत्म की जा चुकी हैं। मिसाइल और रॉकेट ठिकानों को भी भारी नुकसान पहुंचाया गया है। उन्होंने दो-तीन सप्ताह में बड़े हमले के संकेत दिए। वहीं, ईरान को कभी एटमी ताकत न बनने देने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। ट्रंप ने यहां तक कहा कि अगर ईरान अब भी समझौते के लिए तैयार नहीं हुआ, तो जबरदस्त बमबारी करके उसे पाषाण युग में पहुंचा देंगे। ट्रंप के मुताबिक, यही उसकी सही जगह भी है।

ट्रंप जंग शुरू होने के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित कर रहे थे। अमेरिकी टेलीविजन पर उनका यह संबोधन भारतीय समयानुसार बुधवारतड़के प्रसारित हुआ। उन्होंने 20 मिनट के इस संबोधन में ईरान पर हमलों को जायज ठहराने की कोशिश की और दावा किया कि अमेरिका इस जंग को जीत चुका है। उन्होंने परमाणु एजेंसी से जारी जंग के जल्द खत्म होने की बात कही। हालांकि, इसके लिए कोई समयसीमा नहीं बताई। ट्रंप ने कहा, अगर ईरान के नए नेतृत्व ने संतोषजनक ढंग से बातचीत नहीं की, तो अमेरिका उसके बिजली उत्पादन और तेल के बुनियादी ढांचे पर हमला करना शुरू कर देगा। युद्ध को लेकर आशंकित अमेरिकी जनता, खासकर में घटती लोकप्रियता और कुछ महत्वपूर्ण मोर्चों के दबाव से घिरे ट्रंप ने कहा, हमारे पास सभी विकल्प हैं। लेकिन उनके पास कोई विकल्प नहीं बचा है। हालांकि, ईरान के समृद्ध यूरेनियम की स्थिति और होर्मुज से अचानक जैसे कुछ ज्वलंत अनसुलझे मुद्दों को नजरअंदाज कर दिया। एजेंसी

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप।

खुद खुल जाएगा होर्मुज मार्ग

ट्रंप ने कहा, युद्ध खत्म होने के बाद होर्मुज खुद ही खुल जाएगा। उन्होंने होर्मुज न खोलने पर अपनी पूर्व की धमकी का जिक्र नहीं किया। ट्रंप ने उन देशों से हिम्मत जुटाने व होर्मुज को हासिल करने को कहा, जिनकी तेल आपूर्ति इस रास्ते पर निर्भर है।

> जिन परमाणु ठिकानों को बी-2 बमवर्षकों ने तबाह कर दिया है, वो इस बात से खासे ही चुके हैं कि एटमी तत्वों तक पहुंचने में ही महीनों लग जाएंगे। हम उन पर उपग्रह से कड़ी निगरानी कर अपने नियंत्रण में रखे हुए हैं। अगर हमने उन्हें वहां कोई हरकत करते देखा, तो उन पर फिर से बहुत जोरदार मिसाइल हमला करेंगे।
> – डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिकी राष्ट्रपति

इतने कम समय में किसी दुश्मन को इतना नुकसान नहीं हुआ

ट्रंप ने कहा, पिछले चार हफ्तों में हमारी सेनाओं ने युद्ध के मैदान में तेज, निर्णायक और जबरदस्त जीत हासिल की है। ऐसी जीत, जो बहुत कम लोगों ने पहले कभी देखी होगी...युद्ध के इतिहास में पहले कभी किसी दुश्मन को महज कुछ हफ्तों के भीतर, इतने बड़े पैमाने पर स्पष्ट और विनाशकारी नुकसान नहीं उठाना पड़ा है। ट्रंप ने कहा कि ईरान अब्बास में अब कोई खतरा नहीं रह गया है। उन्होंने देशवासियों से कहा, वह आपके बच्चों व नाती-पोतों के भविष्य में एक सच्चा निवेश है। पूरी दुनिया इसे देख रही है, हमारी ताकत, हिम्मत और शानदार काम को मान रही है।

ईरान के सेना प्रमुख हतामी बोले-अमेरिकी सैनिक आए तो एक भी जीवित नहीं लौटेंगे

संसद अध्यक्ष का दावा- 70 लाख ईरानी अमेरिका से लड़ने के लिए तैयार

तेहरान। ईरान के सेना प्रमुख ने चेतावनी दी है कि यदि अमेरिकी सेना ईरान में प्रवेश करती है, तो आक्रमणकारियों में से एक भी व्यक्ति जीवित नहीं बचेगा। मेजर जनरल अमीर हातामी ने यह टिप्पणी ईरानी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक कार्यक्रम में की। उन्होंने कहा, हमारे देश से युद्ध का साया हटना चाहिए और सभी के लिए सुरक्षा होनी चाहिए, क्योंकि यह संभव नहीं है कि कुछ स्थान सुरक्षित हों और हमारे लोग असुरक्षित हों।

ईरान की सरकार ने अमेरिका और इजराइल के हमले के बाद सेवानिवृत्त सैनिकों से भी युद्ध में भाग लेने का आह्वान किया जबकि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड से जुड़े बसिज फोर्स ने 12 साल तक के बच्चों को भी अपने रैंक में स्वीकार करना शुरू कर दिया है। उधर ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर कालिबाफ ने अमेरिका-इजराइली सेना को ललकारते हुए कहा कि 70 लाख ईरानी अमेरिका के किसी भी जमीनी आक्रमण का मुकाबला करने के लिए तैयार हैं। कालिबाफ का यह दावा अमेरिका के सख्त संशोधित वार्हकार के रूप में सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, एक सप्ताह से भी कम समय में, देश भर में चल रहे एक शक्तिशाली राष्ट्रीय अभियान में लगभग 70 लाख ईरानी हथियार उठाने और अपने राष्ट्र की रक्षा के लिए खड़े होने के लिए सामने आए हैं। कालिबाफ का यह दावा कई दिनों से सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहा है। एजेंसी

ईरान ने इजराइल और खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं

ट्रंप ने बृहस्पतिवार को देश के नाम अपने संबोधन में भले ही बढ़-चढ़ कर दावा किया हो कि ईरान की ताकत खत्म कर दी गई है लेकिन ईरान ने इस दावे के पहले और बाद में इजराइल और खाड़ी देशों पर कई मिसाइलें दागीं। दुबई में कई जगह ईरानी मिसाइलों को रोकने के लिए हवाई सुरक्षा प्रणालियां सक्रिय रहीं और धमाके हुए। ट्रंप का भाषण खत्म होने के आधे घंटे से भी कम समय बाद, इजराइल ने कहा, उसकी सेना ईरानी मिसाइलें रोकने में जुटी है। भाषण के तुरंत बाद बहरीन में भी सायरन बजने लगे।

ईरानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एक हवाई हमले में ईरान के पूर्व विदेश मंत्री गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। बुधवार को हुए हमले में 81 वर्षीय

ईरान के पूर्व विदेश मंत्री घायल

कमाल खर्राजी घायल हो गए जबकि उनकी पत्नी की मौत हो गई। खर्राजी ने ईरान के सुधारवादी राष्ट्रपति मोहम्मद खातमी के विदेश मंत्री के रूप में और फिर दिवंगत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के विदेश मामलों के सलाहकार के रूप में कार्य किया था। उन्होंने कई विदेश मंत्रालयों।

तेल की कीमतों में फिर उछाल

संघर्ष के कारण अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड की कीमत में फिर से वृद्धि हुई और हालिया कारोबार में यह 104 अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गई, जो 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से लगभग 50 प्रतिशत अधिक है। इसे लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजार में काफी तेज प्रतिक्रिया देखी गई।

■ **ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी की आयरलैंड ने आलोचना की :** आयरलैंड के प्रीमियर माइकल मार्टिन ने ईरान को पाषाण युग में भेजने की ट्रंप की धमकी की कड़ी आलोचना की है। मार्टिन ने कहा, यह बयानबाजी अस्वीकार्य है और युद्ध में कोई भूमिका न निभाने वाले ईरानी लोगों को अपनी सुरक्षा का अधिकार है। युद्ध में शामिल हर व्यक्ति को नागरिक सुरक्षा और निर्दोष नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देनी चाहिए। हम सभी जानते हैं कि ईरानी शासन बहुत दमनकारी था। लेकिन यह युद्ध ईरान में उन लोगों को मौत और विनाश का कारण बन रहा है।

देश-दुनिया

50 वर्ष बाद फिर चंद्रमा की राह पर इन्सान...आर्टेमिस-2 रवाना

पृथ्वी से सबसे लंबी मानव यात्रा, 4 अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा के दूरस्थ हिस्से की करेंगे परिक्रमा

अमर उजाला नेटवर्क

केप कैनावेरल/वाशिंगटन। नासा ने आधी सदी बाद इन्सानों को फिर चंद्रमा की दिशा में भेजते हुए आर्टेमिस-2 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। फ्लोरिडा के केप कैनावेरल से हुए इस प्रक्षेपण के साथ मानव अंतरिक्ष अन्वेषण के एक नए दौर की शुरुआत हुई। लॉन्च के दौरान नासा के कमेंटेटर डेरेल नेल ने इसे मानवता की अगली महान यात्रा बताया।

योजना के अनुसार अंतरिक्ष यात्री पहले करीब 24 घंटे पृथ्वी की कक्षा में रहकर ओरियन स्पेसक्राफ्ट की सभी प्रणालियों की जांच करेंगे, जिसके बाद वे तीन दिन की यात्रा पर चंद्रमा की ओर बढ़ेंगे। यह मिशन दूरी व इन्सानों को पहली बार पृथ्वी के सुरक्षात्मक मैग्नेटिक फील्ड से बाहर ले जाकर डीप स्पेस के रेडिएशन-भरे वातावरण में ले जाने के कारण ऐतिहासिक है। चंद्रमा के करीब पहुंचने पर यह दल उसके फार साइड यानी वह हिस्सा, जिसे अब तक किसी इन्सान ने सीधे अपनी आंखों से नहीं देखा, की परिक्रमा करेगा। इसके बाद वे तीन दिन की वापसी यात्रा कर पृथ्वी पर लौटेंगे। विशेषज्ञों के अनुसार यह मिशन भविष्य में मानव लैंडिंग और चंद्रमा पर स्थायी उपस्थिति की दिशा तय करेगा। आर्टेमिस-2 को 1968 के अपोलो-8 मिशन के समकक्ष माना जा रहा है, जब पहली बार इन्सानों ने चंद्रमा की परिक्रमा की थी। हालांकि नासा इस कार्यक्रम को अपोलो का दोहराव नहीं, नव विज्ञान-आधारित दीर्घकालिक अन्वेषण मॉडल मानता है। ओरियन स्पेसक्राफ्ट इस मिशन में पहली बार अंतरिक्ष यात्रियों के साथ डीप स्पेस में जाएगा। इसमें परखा जाएगा कि चार अंतरिक्ष यात्रियों को उच्च-स्तरीय रेडिएशन व चरम हालात में कितना सुरक्षित रख सकता है।

पृथ्वी से रवाना आर्टेमिस-2 और इसमें जाने वाले चार अंतरिक्ष यात्री। एएफपी

चार यात्री, कई ऐतिहासिक उपलब्धियां

इस मिशन में नासा के रीड वाइजमैन, विक्टर ग्लोवर और क्रिस्टीना कोच के साथ कनाडा के जेरेमी हैन्सेन शामिल हैं। यह मिशन कई ऐतिहासिक पड़ाव स्थापित करेगा।विक्टर ग्लोवर चंद्रमा की कक्षा में जाने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति होंगे,क्रिस्टीना कोच पहली महिला होंगी और हैन्सेन पृथ्वी की कक्षा से बाहर जाने वाले पहले गैर-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बनेंगे।यात्रा के दौरान दल मानव स्वास्थ्य पर डीप स्पेस के प्रभाव, विकिरण के असर और चंद्रमा की सतह के अभूतपूर्व अवलोकन जैसे कई वैज्ञानिक प्रयोग करेगा।

दुनिया के पहले खरबपति बन सकते हैं मस्क स्पेसएक्स का आईपीओ दांव, इतिहास रचेंगे

गोपनीय फाइलिंग से पब्लिक लिस्टिंग की राह साफ, 50 अरब डॉलर का लक्ष्य

अमर उजाला नेटवर्क

वाशिंगटन। एलन मस्क की स्पेस कंपनी स्पेसएक्स ने शुरुआती पब्लिक ऑफरिंग के लिए यूएस सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन के पास गोपनीय फाइलिंग जमा कर दी है। इससे कंपनी के स्टॉक मार्केट में उतरने की प्रक्रिया औपचारिक रूप से शुरू हो गई है।

एलन मस्क

ब्लूमबर्ग, रॉयटर्स और न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार कंपनी जून 2026 तक पब्लिक हो सकती है और इसका वैल्यूएशन 1 ट्रिलियन डॉलर से ऊपर जाने की उम्मीद है। मस्क की डिमांडरी उन्हें दुनिया का पहला खरबपति (ट्रिलियनेयर) बना सकती है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब स्पेसएक्स अपने एआई, सैटेलाइट और स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर विस्तार के लिए बड़े पैमाने पर पूंजी जुटाने की दौड़ में है।

कैश की जरूरत : एआई, चिप्स, ऊर्जा ढांचे का दबाव

विशेषज्ञों के अनुसार स्पेसएक्स को अपने बड़े विजन को साकार करने के लिए भारी निवेश की जरूरत है। एआई, डाटा सेंटर, कंप्यूटिंग पावर, चिप निर्माण और ऊर्जा ढांचे की लागत तेजी से बढ़ रही है। मस्क ने हाल ही में टेलीकॉम सपोर्ट विकसित करने की योजना की है जिसमें स्पेसएक्स, टेस्ला व एक्सएआई मिलकर काम करेंगे। यह परियोजना भविष्य की हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग जरूरतों को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

पुलिस में 81 हजार पदों पर होगी भर्ती : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार देर रात पुलिस विभाग की परीक्षा कैलेंडर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश पुलिस में 81 हजार से अधिक पदों पर भर्ती की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि भर्ती अभियान के जरिये न सिर्फ युवाओं को रोजगार के मौके मिलेंगे बल्कि प्रदेश को एक सक्षम, उत्तरदायी और आधुनिक पुलिस बल भी मिलेगा। सीएम योगी ने कहा कि सभी भर्तियां तय समय में पारदर्शिता, निष्पक्षता और अत्याधुनिक प्रणालियों के अनुसार कराई जाएं। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया तकनीक आधारित बनाने व हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने को भी कहा। बैठक में बताया गया कि उपनिरीक्षक, आरक्षी जनपदीय पुलिस, रोडवेज महाप्रबंधक परिचालक, कंप्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए व पुलिस उपनिरीक्षक (सोपनीय) समेत विभिन्न श्रेणियों में ये भर्तियां प्रस्तावित हैं। कुछ भर्तियों की प्रक्रिया वर्तमान में शुरू भी हो चुकी है। यूपी

सूचना पर और जल्दी पहुंचे पुलिस

इमरजेंसी सेवा पीआरवी-112 का औसत रिस्पॉन्स टाइम लगभग 6 मिनट है। सीएम ने कहा कि इसे और कम किया जाए। उन्होंने पीआरवी वाहनों की लोकेशन तय करने, मूवमेंट सुनिश्चित करने के तहत प्रत्येक 15 दिन में रूट चार्ट की समीक्षा करने को कहा है।

डाक मतपत्रों पर ट्रंप का आदेश रोकने को अदालत गए डेमोक्रेट

वाशिंगटन। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के डाक द्वारा मतदान को प्रतिबंधित करने वाले नवीनतम कार्यकारी आदेश को रोकने के लिए डेमोक्रेट नेताओं ने मुकदमा दायर कर दिया है। इस मुकदमे से ट्रंप की मुश्किलें उनके देश में ही अदालत से बढ़ सकती हैं।

डेमोक्रेट नेताओं का तर्क है कि अमेरिकी संविधान राज्यों और कांग्रेस (संसद) को यह तय करने का अधिकार देता है कि डाक द्वारा मतदान करने के योग्य कौन है। राष्ट्रपति के पास यह तय करने का कोई अधिकार नहीं है।

मुकदमा राष्ट्रपति की चुनाव नियंत्रण लड़ाई का दूसरा दौर है। ट्रंप के विरोधी पहले दौर में आसानी से जीते थे। उन्होंने जजों को भरोसा दिलाया कि उनका प्रारंभिक कार्यकारी आदेश संभवतः असंवैधानिक है और उसे रुकवा दिया। ट्रंप ने घोषणा की थी कि उनका प्रशासन राज्यों में मतदान योग्य लोगों की सूची तैयार करेगा। अमेरिकी डाक सेवा सिर्फ उन्हीं लोगों को मतपत्र भेजेगी जो इस मानदंड को पूरा करते हैं। आलोचकों को प्रशासन की सूची विश्वसनीयता पर शक है। एजेंसी



अटॉर्नी जनरल बोंडी को हटाया

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अटॉर्नी जनरल पाम बोंडी को पद से हटा दिया है। उन पर न्याय विभाग को स्वतंत्रता कमजोर करने और बड़े पैमाने पर कर्मचारियों को हटाने के आदेश लगे। बोंडी के स्थान पर टॉड ब्लांच को अंतरिम अटॉर्नी जनरल बनाया गया है। एजेंसी

खुद ट्रंप ने किया डाक से मतदान : ट्रंप खुद अक्सर डाक से मतदान करते हैं, हाल ही में वह फ्लोरिडा में हुए विशेष चुनाव में भी उन्होंने ऐसा ही किया था। लेकिन सच्चाई चुनावों के चलते वह इसे दूर करना चाहते हैं।

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक! punjab national bank ...the name you can BANK upon!

एसेट रिकवरी मैनेजमेंट ब्रांच (एआरएमबी), 1, पलटन बाजार, क्लॉक टावर, जिला– देहरादून
ई–मेलः cs8218@pnb.bank.in, मो0 नं0: 9536582435, 9113111048

ई–नीलामी सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन चल/अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस।

आम लोगों को तथा विशेष रूप से ऋणी(ओ)/गारन्टर(ओं) उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित चल/अचल संपत्ति जो प्रतिभूति लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा** प्रतिभूति लेनदार के **प्राधिकृत अधिकारी, बैंक** द्वारा लिया गया है, को ''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है'' के आधार पर **बैंक नीचे उल्लिखित ऋणी** ऋणी(ओ)/गारन्टर(ओं) की बकाया राशि की वसूली हेतु बेची जायेगी। प्रत्येक संपत्ति का रिजर्व मूल्य एवं अर्नेस्ट मनी विवरण नीचे उल्लिखित है, तथा संपित्तयों का ज्ञात प्रभार का संक्षिप्त विवरण, यदि कोई हो, के रूप में नीचे उल्लेख किया गया है।

लॉट सं.	शाखा का नाम / खाता का नाम / ऋणी/गारन्टर का नाम व पता	अचल सम्पत्ति का विवरण एवं सम्पत्ति स्वामी का नाम	डिमांड नोटिस सरफेसी 13(2) के अनुसार / बकाया राशि दिनांक / कब्जे दिनांक सरफेसी 13(4) के अनुसार / कब्जे का प्रकार (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक)	रिजर्व मूल्य / अर्नेस्ट मनी (EMD) / ईएमडी जमा के अंतिम तिथि / न्यूनतम बोली की वृद्धि	ई–नीलामी की तिथि एवं समय	सुरक्षित लेनदारों का ज्ञात प्रभार का विवरण
सरफेसी एक्ट 2002 के तहत प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 8(6) एवं नियम (9) के अन्तर्गत 30 दिन का वैधानिक बिक्री नोटिस माना जायें।						
1	**शाखाः एआरएमबी, देहरादून (821800)** मैसर्स देवाउट नॉर्ड (I) लिमिटेड (अपने निदेशकों के माध्यम से), पंजीकृत कार्यालयः मकान संख्या जे-17, शिवालिक नगर, फेज-2, बीएचईएल, रानीपुर, हरिद्वार- 249403, उत्तराखंड। कार्यस्थलः प्लॉट संख्या 13, सेक्टर 6-बी, आईआईई, सिडकुल, हरिद्वार- 249403, उत्तराखंड। श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव, निदेशक, देवाउट नॉर्ड (I) लिमिटेड, मकान संख्या जे-17, शिवालिक नगर, फेज-2, बीएचईएल, रानीपुर, हरिद्वार- 249403। श्री मोहन झा, निदेशक, देवाउट नॉर्ड (I) लिमिटेड, सिल्वर स्प्रिंग, ब्लॉक-ओ, फ्लैट संख्या 14एबी, 5-जे. बी.एस. हाल्देन एवेन्यू, कोलकाता, पश्चिम बंगाल- 700105। श्री विकास गोयल, निदेशक, देवाउट नॉर्ड (I) लिमिटेड, बीयू-268, वीटीसी, पीतमपुरा, सरस्वती विहार, दिल्ली- 110034। श्री दिनेश सिंह, निदेशक, देवाउट नॉर्ड (I) लिमिटेड, फ्लैट संख्या 202, साई कुसुम इन्फिनिटी, बहादुरपुर, कंकरबाग, पटना, बिहार- 800020। श्रीमती मधु श्रीवास्तव, पत्नी श्री संदीप श्रीवास्तव, गारंटर- देवाउट नॉर्ड (I) लिमिटेड, मकान संख्या जे-17, शिवालिक नगर, फेज-2, बीएचईएल, रानीपुर, हरिद्वार- 249403। श्री देवेंद्र शर्मा, गारंटर-देवाउट नॉर्ड (I) लिमिटेड, पता-1: बी-5, न्यू सुभाष नगर, ज्वालापुर, हरिद्वार- 249407। पता-2: गली संख्या 2, पांडेवाला, गुगाल रोड, ज्वालापुर, हरिद्वार- 249407।	बंधक अचल सम्पत्ति, खाता संख्या 4, खसरा संख्या 211/8/2, स्थित मौजा बनूछापर, तौजी संख्या 951, थाना संख्या 129, पी.एस.- बेतिया मुफस्सिल, जिला पश्चिम चंपारण, बिहार- 845438, जो श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव के नाम पर स्थित है। मूल पंजीकृत विक्रय विलेख क्रमांक 2712, दिनांक 17.02.2011, सब-रजिस्ट्रार ऑफिस बेतिया पश्चिम चंपारण, बिहार में पंजीकृत है। विक्रय विलेख के अनुसार सीमाएँः- पूर्वः निज नाली, 14 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः प्लॉट संख्या 210, उत्तरः सुगंधी देवी एवं आंशिक प्लॉट संख्या 211/8, दक्षिणः ब्लॉक संख्या 6, कुल क्षेत्रफलः 1458.99 वर्ग फुट। स्वामित्वः श्री संदीप कुमार श्रीवास्तव पुत्र श्री अजीत कुमार श्रीवास्तव।	10.11.2025 रु0 **4,84,16,998.38** (रुपये चार करोड़ चौरासी लाख सोलह हजार नौ सौ अट्ठानवे रुपये एवं अड़तीस पैसे मात्र) + ब्याज एवं अन्य खर्चे- व्यय वसूली (यदि कोई हो) दिनांक 30.10.2025 से पूर्ण भुगतान तक 30.01.2026 **(सांकेतिक कब्जा)**	रू0 63,80,000/- रू0 6,38,000/- 05.05.2026 शाम 4 बजे तक रू0 50,000/-	**05.05.2026** सुबह 11:00 बजे से शाम 04.00 बजे तक (5 मिनट के असीमित एक्सटेंशन के साथ)	ज्ञात नहीं

नियम व शर्तें : 1. बिक्री सुरक्षा नियम (प्रवर्तन) नियम 2002 और निम्नलिखित शर्तों में निर्धारित नियमों और शर्तों के अधीन होगी। 2. नीलामी की सम्पत्तियों को जहाँ है, जैसा है, जो है के आधार पर बिक्री की जायेगी। 3. अनुसूची में निर्दिष्ट सुरक्षित परिसंपत्तियों के विवरण को प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के लिय किया गया है, लेकिन प्राधिकृत अधिकारी इस घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए जवाबदेही नही होगे। 4. बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई–नीलामी के माध्यम से प्लेटफार्म पर उपलब्ध वेबसाइटः **https://baanknet.com/.** 5. विस्तृत नियम व शर्तों की जानकारी के लिये आप वेब साईट **https://baanknet.com/** पर लॉगिन कर सकते है या नियम व शर्तों की प्रतिलिपि हमारे कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस पर प्राप्त कर सकते है।

सरफेसी ऐक्ट 2002 के नियम 8(6) एवं नियम (9) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना

दिनांक– 02.04.2026 स्थान– देहरादून प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक